

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय बाद मथुरा के पुस्तकालय ब्लॉग के सभी सदस्यों को शुभकामनाएँ. जैसा कि आपको विदित है कि शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति से जानकारी प्रदान करनें में नए तौर-तरीके सामने आए हैं. ऐसे में हमारे छात्रों के लिए “पुस्तकालय ब्लॉग” शुरू करना हमारे लिए एक सम्मान की बात है. मेरा आप सभी से अनुरोध है कि नियमित रूप से इस ब्लॉग पर आएँ एवं विभिन्न गतिविधियों यथा पुस्तक समीक्षा, ऑनलाईन प्रतियोगिताएं, नई पुस्तकों / पत्रिकाओं आदि का ज्ञान प्राप्त करें.

मेरा दृढ़ विश्वास है कि छात्रों को यह सिखाया जाना चाहिए कि कैसे सोचना है न कि क्या सोचना है. यह मुझे अरस्तू द्वारा ज्ञान के महान शब्दों की याद दिलाता है, “हृदय को शिक्षित किये बिना मस्तिष्क को शिक्षित करना कोई शिक्षा नहीं है “.(Educating the mind without educating the heart is no education at all: Aristotle)

इस ब्लॉग का उद्देश्य विद्यालयी पुस्तकालय की पूरी जानकारी देना है और साथ ही उन लोगों की मदद करना भी है जो ऑनलाइन जानकारी मांग रहे हैं. प्रिय बच्चों, संसाधनों और अवसरों का उपयोग करें, और भविष्य आपका है. नई सहस्राब्दी की चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को सशक्त बनाएं और अपने विद्यालय को सफलता की उच्चतम शिखर पर स्थापित करें.

एक बार फिर, मैं आपका अभिनंदन करता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि यह ब्लॉग आपकी रुचि को पुनर्जीवित करेगा और आपको अपने जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में मील का पत्थर होगा जो सदैव आप को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करता रहेगा.

अनन्त शुभकामनाओं के साथ

प्राचार्य

श्री मुनेश कुमार

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय बाद मथुरा